हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

9 सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर होने से परेशानी



10 नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



# लोकसभा चुनाव : शहरों में जनसभा के लिए जगह निर्धारित, पहले लेनी होगी परमिशन

- नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, नांगल चौधरी व कनीना शहर में जनसभा के लिए स्थान तय
- गांवों में भी यहीं सिस्टम, एक या दो जगह ही रखी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा चुनाव की तारीख तय होने के बाद राजनैतिक पार्टियां उम्मीदवार तय करने में जुटी है। कुछ घोषित हो गए कुछ पर मंथन चल रहा है। इसी चुनावी तैयारियों में चुनाव आयोग के अधीन प्रशासन भी जुटा है। हाल ही में शहर और गांवों में होर्डिंग-बैनर और जनसभा स्थल निर्धारित कर दिए गए है। गांवों में बस अड्डा, मंदिर, चौपाल व परस की जगह निर्धारित की है। वहीं नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, कनीना शहर में भी नगर निकाय की ओर से स्थल का चयन किया गया है।

**नारनौल शहर के लिए यह जगह तय:** नारनौल शहर में होर्डिंग-बैनर के लिए पुरानी कचहरी के पास रोड पर, निजामपुर रोड, बाईपास रोड, सुभाष स्टेडियम के पास रोड पर, राधा-कृष्ण मैरिज पैलेस रोड पर, रेलवे रोड पर व कड़ियावाला मंदिर के पास रोड निर्धारित की है। वहीं रैली स्थल चितवन वाटिका, सुभाष स्टेडियम, आईटीआई परिसर, सुभाष पार्क, पंचायत भवन के पास टैक्सी स्टैंड व पुरानी कचहरी तय किया गया है। वहीं नुक्कड़ सभा, शीतला माता मंदिर के पास स्कूल, जेठू बाबा मंदिर के पास पार्क, नीरपुर स्कूल, पटीकरा आंगनबाड़ी, माता मसानी नई सराय, देवीलाल कॉम्प्लेक्स, शोभा सागर पार्क, मांदी चौपाल/स्कूल, कोजिन्दा पटवार घर व कोजिन्दा की ढाणी जगह तय की गई है।

### अटेली शहर में यह तय

अटेली शहर में जनसभा/रैली के लिए नई अनाज मंडी जगह तय की है। नुक्कड़ सभा/मीटिंग के लिए झण्डा चौक और पोस्टर लोकेशन के लिए बीडीपीओ व तहसील रोड, कनीना चौक से रेलवे ओवरब्रिज (अनाज मंडी साइड) निर्धारित की है।

### कनीना शहर में यहां होगा चुनावी प्रचार

चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन सामग्री प्रकाशित करने के लिए पुराना नगर पालिका कनीना कार्यालय भवन, रेवाड़ी टी-प्वाइंट, बस स्टैंड व अटेली टी-प्वाइंट तय किया है। रैली के लिए फुटबॉल ग्राउंड चिन्हित किया है। वहीं नुक्कड़ सभाएं चुनाव प्रचार के लिए आर्य समाज मंदिर, ढोकलमल पार्क, शहीद सुजान सिंह पार्क व नेताजी सुभाष क्लब को शामिल किया है।

### महेंद्रगढ़ शहर के लिए यह जगह तय

महेंद्रगढ़ शहर में रैली स्थल के लिए स्टेडियम के पास पीजी कॉलेज व ब्रह्मचारी रोड पर चौधरी देवीलाल पार्क को चिन्हित किया है। वहीं चुनावी सामग्री लगाने के लिए अनाज मंडी का कोना, रेलवे रोड एसडीएम निवास की तरफ, मसानी चौक, चौक मौहल्ला पड़ाव, कमला धर्मशाला, मौहल्ला चौक नजदीक कोथलिया के घर के पास, मौहल्ला नाथुवाली नजदीक माता, नजदीक सैनी सभा पंचमुखी रोड, नजदीक सैनी सभा स्कूल ग्राउंड, नजदीक पुलिया सैनी सभा की दक्षिण तरफ, चौक मौहल्ला तिवारीयान, चौक मौहल्ला धानकान, नजदीक राजकीय प्राथमिक स्कूल मौहल्ला माहिचान, देवीलाल पार्क नजदीक राव बहादुरसिंह के मकान, पुलिस क्वाट्र्स के पीछे दिवान कॉलोनी।

## खबर संक्षेप

### चेयरमैन कर्मवीर सैनी का अभिनंदन आज

**नारनौल।** हरियाणा कॉन्फेड विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन कर्मवीर सैनी 22 मार्च आएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सैनी सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से नवनियुक्त कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी का रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में सैनी सभा की ओर से 22 मार्च को सुबह 10 बजे अभिनंदन वं सम्मान किया जाएगा।

### जुआं खेलते 3 गिरफ्तार 2890 रुपये बरामद

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलने के आरोप में तीन व्यक्तियों को 2890 रुपये के साथ काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों से ताश के 52 पत्ते भी बरामद किए हैं। थाना सदर इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशानिर्देशन में टीम ने छापेमारी करते हुए कलवाड़ी गांव से तीन आरोपितों को जुआ खेलते काबू किया। दो आरोपित मौके से भागने में कामयाब हो गए।

### एसयूसीआई कम्युनिस्ट लड़ेगी 6 सीटों पर चुनाव

**नारनौल।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह बात वीरवार को एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसयूसीआई के राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कही। उन्होंने बताया कि पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से रोहतास सैनी को उम्मीदवार घोषित किया है। इस मौके पर कामरेड रोहतास सैनी, कामरेड फूलसिंह, पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, डा. व्रतपाल सिंह, छाजूराम रावत रहे।



नारनौल। बैंकर्स की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा।

### एडीसी ने की बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने अपने कार्यालय में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा तिमाही बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने इस तिमाही की रिपोर्ट पेश की। इस बैठक में एलडीएम विजय सिंह, सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, डीडीएएच डा. चंद्रभान सहित विभिन्न बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

### स्याणा में वॉलीबॉल ओपन प्रतियोगिता 24 को

**कनीना।** होली पर्व के उपलक्ष्य में 24 मार्च को गांव स्याणा में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण संजय यादव ने बताया कि बाबा कुशाल दास की स्मृति में आयोजित होने वाली ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगी। जिसमें दूर दराज आई टीमें हिस्सा लेंगी।

### हरियाणा पुलिस फॉर्म भरने की अंतिम 28 तक बढ़ाई

**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर रखा है। पुलिस विभाग में 5000 पुरुष कांस्टेबल व 1000 महिला कांस्टेबल की भर्ती होनी है। इसके लिए विभाग ने 21 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित कर रखी थी जिसके कारण विभाग ने 28 मार्च तक फॉर्म भरने से वंचित अभ्यार्थियों को फॉर्म अप्लाई करने का एक मौका दिया है। साथ ही फॉर्म भरते समय यदि कोई त्रुटि हो गई हो तो उसे 28 तक ठीक कर सकते है।

## जिले के 78312 किसानों ने करवाया है पोर्टल पर पंजीकरण

# जिले की छह मंडियों में 26 से होगी सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद

सरकार ने तय सरसों का किया है 2650 रुपये सरकारी समर्थन मूल्य, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की ही सरसों की होगी खरीद, 19,29,800 क्विंटल सरसों उत्पादन का है अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अबकी बार सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर अनाज मंडियों में खरीद 26 मार्च से शुरू की जाएगी। यह निर्णय गुरुवार दोपहर को 12 बजे शुरू हुई प्रशासनिक अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई अति आवश्यक मीटिंग में लिया गया। जिला महेंद्रगढ़ में छह मंडियां बनी हुई हैं और इन सभी में खरीद एजेंसी हैफेड सरसों की खरीद करेगी।

सरकार ने सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य 2650 रुपये निर्धारित किया हुआ है और किसान सरकारी एजेंसी को इसी मूल्य पर अपनी सरसों बेच सकेंगे। हालांकि मेरी फसल मेरा ब्यौरा में पंजीकृत किसान ही सरकारी रेट पर सरसों बेच सकेंगे, लेकिन डाटा मिसमैच की समस्या आ रही है, जिसके लिए सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों को डाटा दुरुस्त करने के लिए तीन दिन का समय दिया हुआ है। सरकार केवल पंजीकृत किसानों की ही सरसों परचेज करेगी। उल्लेखनीय है कि देश में आम चुनाव यानि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसी बीच प्रदेश के किसान सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद चालू होने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि अबकी बार ठंड काफी लंबी चलने के कारण सरसों की लावणी भी देरी से की जा रही है। इस कारण मंडियों में नई सरसों आने में भी देरी का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच प्रदेश सरकार ने सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद करने का निर्णय ले लिया है। अबकी बार 26 मार्च से सरसों खरीद कार्य शुरू किया जाएगा। गत वर्ष 2023 में यह कार्य दो 28 मार्च से शुरू किया गया था, लेकिन अबकी बार दो दिन पहले 26 मार्च से परचेज शुरू कर दी जाएगी।

### जिले में सरसों की स्थिति

कृषि विभाग की मानें तो जिला महेंद्रगढ़ में इस बार किसानों ने 2,41,225 एकड़ में सरसों बोई थी, जिसमें 8 से 10 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से सरसों का उत्पादन होना अनुमानित है। इस प्रकार जिले में इस बार 19,29,800 क्विंटल सरसों का उत्पादन होने का अनुमान है। हालांकि जिले में 78312 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा में ऑनलाइन पंजीकरण कराया हुआ है, जिन्होंने 260932 एकड़ में सरसों उगाना पोर्टल पर दर्शाया है।




### डाटा मिसमैच की समस्या

सरकारी की ओर से जारी वैब पोर्टल मेरी फसल मेरा ब्यौरा में डाटा मिसमैच की समस्या अबकी बार भी बनी हुई है। पिछले साल भी फर्जी किसानों द्वारा गलत तरीके से ऑनलाइन जमीन का डाटा उठाकर रजिस्ट्रेशन करने पर डाटा मिसमैच की समस्या आई थी, जिस कारण अबकी बार सरकार ने केवल आधार कार्ड नहीं, बल्कि फैमिली आईडी से पंजीकरण करना अनिवार्य किया, लेकिन डाटा मिसमैच की समस्या का समाधान अब भी नहीं हुआ। डाटा मिसमैच की समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तीन दिन का समय दिया हुआ है, जिसमें वह खेत-दर-खेत किसान द्वारा बोई गई फसल का सर्वे करेंगे और पोर्टल पर अपडेट करेंगे। यह कार्य 24 मार्च तक पूरा कर लिया जाना है। डीआरओ की टीम समेत कृषि विभाग भी इस कार्य में लगा है।

### यह रहेगा सरकारी समर्थन मूल्य

सरकार ने सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। हालांकि फिलहाल मंडियों में नई सरसों आनी शुरू नहीं हुई है और व्यापारी पुरानी सरसों 5000-5300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीद रहे हैं। मार्च में 20 दिनों में 1087 क्विंटल पुरानी सरसों बिक चुकी है। सरसों के अलावा सरकार ने गेहूं का 2275 रुपये, चने का 5440 रुपये तथा जौ का 1850 रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया हुआ है।

### नारनौल में हैं दो मंडियां

नारनौल में अब दो अनाज मंडियां स्थित हैं। एक मंडी जहां ब्यॉवज कॉलेज के पास बनी है तो दूसरी जल महल के समीप नांगल चौधरी रोड पर। कॉलेज समीप वाली मंडी में अधिकत्तम व्यापारी रहते हैं और सरकार ने इस मंडी को खत्म कर रखा है, जिसकी एक्सटेंशन इसी 31 मार्च को खत्म हो रही है। ऐसे में नांगल चौधरी रोड वाली मंडी में ही सरसों की खरीद होगी और वहीं पर मार्केट कमेटी के सचिव का कार्यालय भी बना है।

### यह मंडियां हैं निर्धारित

जिले की सभी छह मंडियों में सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी, जिनमें नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी एवं सतनाली शामिल हैं। इसी प्रकार चना की खरीद के लिए जिले की तीन मंडियों नारनौल, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी का निर्धारण किया गया है।

### पैरामीटर पिछले ही रहेगा

हैफेड नारनौल के डीएम प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों 26 मार्च से खरीद शुरू की जाएगी। इसके आदेशा हो चुके हैं। किसानों को अपनी-अपनी सरसों सूखाकर लानी होगी। सरसों साफ-सुथरी होनी चाहिए। पैरामीटर पिछले ही रहेंगे।

### मंडियां सरसों खरीद के लिए तैयार

मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि हमारे पास अब तक सरसों परचेच संबंधित कोई लिखित आदेश नहीं आया है, लेकिन हमारी मंडियां सरसों खरीद के लिए तैयार हैं। किसानों को मंडियों में दी जाने वाली सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। अब तक सरसों का शेड्यूल जारी होगा या पिछली बार की तरह पहले आओ पहले टोकन पाओ के आधार पर होगी, यह निर्णय अभी नहीं हुआ है, लेकिन हम परचेज के लिए मंडियां देने को तैयार हैं।



नारनौल। वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को स्कूल प्रतिबद्ध: डा. पंकज गौड़

- नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा में वीरवार को नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन रवाना किया गया। प्रचार वाहन को उपप्राचार्य डा. पंकज गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा क्षेत्र का एक ख्याति नाम शिक्षण संस्थान है। यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषयों की शिक्षा दी जा रही है। इसी क्रम में 22 मार्च को प्रवेश एवं छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। अ जिन बच्चों ने नामांकन नहीं किया है, वह विद्यालय पहुंचकर भी अपना नामांकन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मॉडल संस्कृति स्कूल सीबीएसई से जुड़ा हुआ अंग्रेजी व हिंदी माध्यम में शिक्षा देने वाला एक श्रेष्ठ विद्यालय है। जिसके परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहे हैं। आधुनिक पुस्तकालय, भौतिकी, रसायन, जीव-विज्ञान, गणित लैब आदि की सुविधा के कारण विद्यार्थी यहां खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त करते हैं। अतः अभिभावकों से अनुरोध है कि वह अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय में प्रवेश दिलाएं। इस मौके पर राकेश कुमार, राजपाल यादव, संदीप चौधरी, रवि कुमार, सुशील सैनी, समय सिंह, दीपक कुमार, राकेश कुमार, विक्रम सिंह, पवन कुमार, विक्रम सिंह, मनोज कुमार, भूपसिंह, महेश शर्मा, मनोज कुमार, विक्रम सिंह, अजीत कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

## गुर्जर कल्याण परिषद आज दयानगर में मनाएगी होली मिलन समारोह

**नारनौल।** गुर्जर समाज द्वारा इस वर्ष होली मिलन समारोह 22 मार्च को सायं चार बजे दयानगर में मनाया जाएगा। गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह भरगड एडवोकेट ने बताया कि इस कार्यक्रम को दयानगर निवासी महेंद्र बोकन गुरुग्राम के सौजन्य से आयोजित किया जाएगा।

### हरियाणा पत्रकार संघ की ओर से होली मिलन समारोह आज

**महेंद्रगढ।** हरियाणा पत्रकार संघ की ओर से शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आगाज सुबह 11 बजे राधा कृष्ण मैरिज प्लेस में किया जाएगा। कार्यक्रम मे संघ के प्रदेश अध्यक्ष केबी पंडित विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

## कर्मवीर बिहाली बने भाजपा किसान मोर्चा जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



कर्मबीर बिहाली

अटेली खंड के गांव बिहाली निवासी कर्मबीर बिहाली को किसान सैल का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विचार-विमर्श करके जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। इससे पहले कर्मवीर बिहाली भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष से प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभाते हुए अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन भी रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर कर्मवीर बिहाली ने प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांढी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबिलास शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, जिला अध्यक्ष दयाराम सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसको ईमानदारी से निभाएंगे और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देश और प्रदेश में भाजपा को तीसरी बार विजयी बनाने का काम करेंगे।

## पार्टी मौका देगी तो लड़ेंगे लोकसभा चुनाव: राव बहादुर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

जननायक जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सतनाली में पत्रकार वार्ता में कहा कि अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कई सालों से राजनीति में सक्रिय राव बहादुर सिंह ने एक बार लोकसभा व दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ा है। जिनमें से एक बार उन्होंने विधानसभा के चुनाव में जीत प्राप्त की थी। उन्होंने दुष्यंत चौटाला को साफ-सुथरी कार्यशैली व छवि वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि अजय चौटाला आम कार्यकर्ता को भी विधायक बनने का अवसर देते हैं। उनकी इसी बात से प्रभावित होकर उन्होंने जजपा का दामन थामा है। राव बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस में मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है, जबकि जेजेपी में कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य माना जाता है। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को झूठा दिलासा देकर ठगा जाता है। उनके साथ भी ऐसा ही कुछ हो चुका है। जजपा में उन्हें पूरा मान सम्मान मिलने की उम्मीद है।



सतनाली मंडी। पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### आज मनाया जाएगा विश्व जल दिवस

**नारनौल।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन व बीकेएन बहुतकनीकी संस्थान की ओर से 22 मार्च को संयुक्त रूप से विश्व जल दिवस मनाया जाएगा। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस साल का विषय रहेगा शांति के लिए जल का लाभ उठाना है। हर वर्ष की भांति इस साल भी जिले में पोस्ट मेकिंग, भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कर मनाया जाएगा। इस मौके पर बीकेएन बहुतकनीकी संस्थान के प्रिंसिपल अनिल यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### हलके की जनता ने जिस प्रकार से प्यार दिया उसी तरह से सेवा को रहेंगे तत्पर

# राज्यमंत्री डा. अभय सिंह यादव का जिले में पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। राज्यमंत्री डा. अभय सिंह का स्वागत करते समर्थक। फोटो : हरिभूमि

नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव को प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बनाने के बाद जिले में प्रवेश करने पर क्षेत्र की जनता ने ढोल नगाड़ों, पटाखे छुड़ाकर, फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में सबसे पहले दादरी जिले के गांव मिश्री के श्रीश्याम मंदिर में डा. यादव को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा महिलाओं ने मंगल गीत गाए और डा. अभय सिंह यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डा. अभय सिंह यादव ने अलग-अलग जगह पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार समस्त जिले के विकास को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2014 के बाद में सरकार की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। इनमें मुख्य रूप से भूमिगत जल की सुधार की प्रक्रिया पिछले सात साल से चली हुई है और इस प्रक्रिया में 200 से अधिक गांव की अर्थव्यवस्था को बदला है। जिससे किसानों में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने क्षेत्र में कोरियावास मेडिकल कॉलेज व बसीरपुर में बन रहे लॉजिस्टिक हब का एक बड़ा उपहार दिया है, जो इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर नए खुलेंगे और जिस दिन लॉजिस्टिक हब तथा आईएमटी खुड़ाना दोनों चालू हो जाएंगे, उस दिन इस क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने आईएमटी खुड़ाना के बारे में विशेष रूप से कहा कि उसको पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब भी उन्हें क्षेत्र की जनता की जरूरत पड़ती है तो क्षेत्र की जनता से अथाह प्यार और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्यार के लिए वे हमेशा क्षेत्र की जनता के ऋणी रहेंगे और क्षेत्र की भलाई के लिए जितना बन पाएगा उतना हमेशा करने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। इसके बाद दादरी के जिले के गांव चांगरोड, बालरोड, बधवाना, पालड़ी, बास खुड़ाना, आकोदा अदलपुर, जाट, धोली, पाली, बगड़ाना, पालड़ी, सीसोठ, हाउसिंग बोर्ड, रिवासा, माजरा, तुलाराम चौक महेंद्रगढ़, सतनाली चौक, मोहल्ला खटीकान, बार एसोसिएशन महेंद्रगढ़, पायगा, कैंची मोड़, ढांणी सेनियान, भांडोर नीची, खातीवास, खैरोली मोड़, नांगल सिरोही, कुक्शी, गुलावला, हुडीना, रामपुरा, मेई, फैजाबाद, फैजाबाद की ढाणी, लहरोदा, सिहार, हाउसिंग बोर्ड नारनौल, महावीर चौक, हीरो होंडा चौक पर लोगों ने डा. अभय सिंह यादव का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कंवर सिंह यादव, सुभाष यादव एडवोकेट, अटेली पंचायत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पंचायत समिति के अध्यक्ष पंकज यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव रहे।

सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन

# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल




बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें

1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

खबर संक्षेप

## उन्हाणी में बाबा भैया का मेला कल लगेगा

**कनीना।** उपमंडल के गांव उन्हाणी में फाल्गुन शुदी द्वादसी तिथि को बाबा भैया की याद में धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में सरंपच प्रतिनिधि जयप्रकाश ने बताया कि 22 मार्च रात्रि को जागरण होगा, जिसमें महिला व पुरुष गायक कलाकार धार्मिक भजन प्रस्तुत देंगे। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को सुबह मंदिर प्रांगण में हवन होगा। इसके बाद भंडारा शुरू होगा।

## ट्रेन में महिला यात्री का हैंड बैग उड़ाया

**रेवाड़ी।** जोधपुर से दिल्ली जा रही एक महिला का नकदी व जेवरात का हैंडबैग चोरी हो गया। जोधपुर के मकराना मोहल्ला निवासी मधु पंवार ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह जोधपुर से दिल्ली परिवार के साथ जा रही थी। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर उसका हैंडबैग चोरी हो गया। उसमें 4 हजार रुपये व स्वर्ण आभूषण थे। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## जांच के नाम पर लीपापोती कर रही सरकार : विद्रोही

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि धारूहेड़ा की कंपनी में आग के बाद प्रदेश सरकार जांच के नाम पर लापापोजी कर रही है। इस हादसे में मारने गए श्रमिकों के परिजनों को जो आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है, वह न्यायसंगत नहीं है। सरकार को उच्च स्तरीय जांच कराते हुए मृतक श्रमिकों के परिजनों को 25-25 लाख व घायलों को 2 से 5 लाख रुपये तक की सहायता मुहैया करानी चाहिए।

## अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेडा ने कुतुबपुर में एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि कुतुबपुर निवासी तरुण अवैध हथियार रखता है। वह डबल के पास हथियार के साथ मौजूद है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम डबल फाटक के पास पहुंची, तो तरुण सीआईए के हत्थे चढ़ गया। तलाश लेने पर उसके कब्जे से देसी कट्टा बरादम हुआ। आरोपी को काबू करने के बाद रामपुरा थाने में केस दर्ज करा दिया गया।

## गैंबलिंग एक्स में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने गैंबलिंग एक्ट में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 18 जनवरी को असाही फ्लाईओवर के पास गोटियों से सट्टा खिलाते दो लोगों को काबू किया था। एक आरोपी गुरूग्राम के चकरपुर निवासी प्रवेज उर्फ रिंकू फरार हो गया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब प्रवेज उर्फ रिंकू को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण

# मत, मतदाता व मतदान, लोकतंत्र के आधार स्तंभ : शिक्षाविद डॉ. संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को मतदान देने का अधिकार प्राप्त



डॉ. संजय कुमार वर्मा

लोकतंत्र शासन प्रणाली की वह व्यवस्था होती है जिसमें जनता का शासन, जनता के लिए, जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से चलाया जाता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मत, मतदाता और मतदान तीन प्रमुख आधार स्तंभ होते हैं। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब उपरोक्त तीनों स्तंभ मजबूत हो अपनी अपनी विशिष्ट एवं सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। यह विचार शिक्षाविद डा. संजय कुमार वर्मा ने वीरवार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 'मत' रायशुमारी का एक प्रकार होता है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं द्वारा अपनी राय या पसंद वोट के माध्यम व्यक्त की जाती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह नागरिकों को अपनी पसंद के जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार देता है। सत्ता में कौन बैठेगा और किस तरह की नीतियां बनेगी, इस पर अपनी सहमति या असहमति मत के माध्यम से जताई जा सकती है। 'मतदाता' पर अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक जिसे मतदान देने का अधिकार होता है, मतदाता कहलाता है। भारत में प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को मतदान देने का अधिकार प्राप्त है। एक जिम्मेदार मतदाता होने का अर्थ है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी ईमानदारी एवं जागरूकता के साथ करें। प्रत्येक मतदाता को विभिन्न पार्टियों, उम्मीदवारों एवं उनके चुनावी घोषणा पत्र आदि के बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इससे मतदाता ने केवल अपने लिए बल्कि बेहतर भविष्य के लिए सही निर्णय ले सकता है। मतदाता न केवल लोकतंत्र की आधारशिला है बल्कि इसके विकास में भी अपनी भूमिका निभाता है। 'मतदान' वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा मतदाता अपने मत का प्रयोग करते हैं। यह लोकतंत्र की मूल प्रक्रिया में से एक है और इसे नागरिकों का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार एवं कर्तव्य माना जाता है, मतदान के द्वारा ही सरकार बनती है और बदलती है। यह नागरिकों को एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है जिससे वे अपने देश की दिशा और नीतियों में सहभागिता कर सकते हैं। मतदान के माध्यम से जनता के हाथ में शासन की बागडोर होती है, यह व्यवस्था ने केवल सरकार को जनता के प्रति जवाब देह बनाती है, बल्कि सरकार को भी आईना दिखाने का कार्य करती है। लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के हर स्तर पर पारदर्शिता, निष्पक्षता और समानता होना अनिवार्य है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष की 18वीं लोकसभा के लिए मतदान कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। इस बार संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया सात चरणों में पूरी होगी। लोकतंत्र में मतदान को अधिकार एवं कर्तव्य के रूप में देखा जाता है इसलिए भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया है तथा इसी क्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं के मतदान के लिए उनके घर से ही नई व्यवस्था की जा रही है। जिन युवाओं को प्रथम बार मतदान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। सभी नए मतदाताओं की यह विशेष जिम्मेवारी बनती है कि वो अपने अपने दृष्टिकोण के अनुसार मतदान करके लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता करें। युवा मतदाता डिजिटल तकनीक के माध्यम से आमजन मानस के मुद्दों का समर्थन करके, अपनी आवाज को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से उठा सकता है, युवा वर्ग की यह जिम्मेवारी है कि वो मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर शत प्रतिशत मतदान करवाने की दिशा में सकारात्मक कार्य करें व लोकतंत्र के आधार 'मत, मतदाता व मतदान' को मजबूत करने में अपना विशिष्ट योगदान प्रदान करें।



नारनौल। आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाओं को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- कोजिन्दा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित

गांव कोजिन्दा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मंजूषा ने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्हें अपने विरुद्ध होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, ताकि महिलाओं पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लग सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों का अपनी सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि महिलाएं बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। थाना प्रभारी ने महिलाओं को हरियाणा पुलिस के डायल 112 के बारे में जानकारी दी और महिलाओं के सुरक्षित सफर के लिए ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम सेवा के बारे में विस्तार से बताया। महिला थाना की पुलिस टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश का कानून महिलाओं को विशेष अधिकार एवं संरक्षण प्रदान करता है, जो कि उनके विकास में सहायक है। महिलाओं को कन्या भूरण हत्या के खिलाफ अधिकार, अवैध गर्भपात के खिलाफ अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कार्यस्थल पर शोषण के विरुद्ध अधिकार, इंटरनेट पर सुरक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि हमें बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

# निःशुल्क शिविर में 22 रोगियों की जांच

### महीने में दो बार वीरवार को लगाया जाता है जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में निःशुल्क किडनी, पथरी, मूत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यह निःशुल्क शिविर महीने में दो बार वीरवार को लगाया जाता है। किडनी और यूरोलॉजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की किडनी, पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुचेता यादव ने रोगियों की जांच की व उनके सहयोगी जय प्रकाश, सुनिल, एवं दशरथ ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की। इसके पश्चात डॉ. सुचेता यादव ने 22 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस मौके पर यादव सभा पूर्व प्रधान डॉ. प्रेम राज आर्य, प्रो. बस्तीराम खैरवाल, उपाध्यक्ष संजय राव, सहसचिव रोहतास सिंह, जगदीश प्रसाद का सहयोग रहा।

# पाथेड़ा में श्रीश्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

- सैकड़ों महिलाओं ने गांव के चारों तरफ कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। पाथेड़ा में कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

गांव पाथेड़ा में श्रीश्याम खाटू बाबा के नवनिर्मित मंदिर में श्रीश्याम बाबा की मूर्ति सनातन धर्मानुसार पूर्ण प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई। इससे पहले पालकी में श्याम बाबा की मूर्ति का आलौकिक श्रृंगार कर सैकड़ों महिलाओं ने गांव के चारों तरफ डीजे बजाकर कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने गणमान्यों के साथ हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि पूनम देवी की अगुवाई में डालू सिंह परिवार ने पाथेड़ा गांव में श्रीखाटूश्याम जी का मंदिर निर्मित कर आसपास के श्याम भगतों को अनुपम तोहफा दिया। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए पूनम देवी को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी। रात को जागरण व देव कमल पार्टी ने बाबा की महिमा का गुणगाण किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कौशल्या देवी, राजेश देवी, पूजा, पुष्पा, संतोष, कीर्ति, निशा, गीता, अंशु, गायत्री, पूनम देवी, रेखा देवी, सरपंच जर्मन, पूर्व सरपंच दलीप सिंह, सूबेदार मेजर करतार सिंह, कप्तान बनवारी सिंह, भीमसिंह, गंगासिंह, कुलदीप, राजपाल, बलबीर, जयनारायण, जीतपाल, सूबेदार मलखान सिंह, मनोहर सिंह, भरत सिंह, रोतान सिंह, महेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, सत्यप्रकाश, गुलाब सिंह, लख्मीचंद, नवीन, शिवराज सिंह, राजकुमारी, सरोज, कृष्णा, राजवती, कमलेश, सुनीता, प्रेम, अन्नू कुमारी, श्यामा कुमारी, पिंकी, कल्पना, भूरा देवी, रामपाल सिंह, चन्द्रभान पंच, देवेंद्र, सतीश, हनुमान, शक्ति आदि मौजूद थे।

# श्रीमद् देवी भागवत में मां भगवती की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। भक्तों को कथा सुनाते कथावाचक।

माता मसानी चौक स्थित माता मसानी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में मां भगवती के साथ-साथ हनुमान के विराट स्वरूप पर आधारित कथा मंचन, शिव-पार्वती और भगवान राम-सीता विवाह सहित अनेक झांकिया दिखाई गई। कथा में सभी नौ देवियों के स्वरूप, शक्ति, आराधना एवं सात्विक जीवन जीने के बारे में जाना। 22 मार्च को सभी भक्तजन मां की महिमा सुनते हुए हवन यज्ञ के साथ कथा को पूर्ण आहुति के साथ संपन्न करेंगे।

कथा वाचक पंडित हेमराज भारद्वाज ने बताया कि जो भक्त जन मां भगवती की महिमा और उसकी स्तुति पूरे मन से एकाग्रता के साथ सुनता है। उस पर कोई भी शत्रु भारी नहीं पड़ सकता। उन्होंने महिषासुर वध के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि हमारे मन में अहंकार रूपी राक्षस जन्म ले रहा है तो मां की भक्ति से उसका अंत हो जाता है। देवताओं ने भी मां की अपार शक्ति को माना है। उन्होंने कहा कि आप सत्य का, संतों का संग करें। कुसंग एक जहर है, क्योंकि जिसका संग बिगड़ गया उसका धीरे-धीरे सब कुछ बिगड़ जाता है। कथा में माता के भजनों की प्रस्तुतियों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मां की पूजा करने से बुद्धि, शक्ति और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इनकी उपासना से मनचाहा फल भी मिलता है। मां भगवती की चल रही कथा में देवी सुनीता ने स्वयं में प्रवेश मां की साक्षात वाणी से सभी भक्तों के कल्याण की कामना की। उनके साथ भक्त ऋषिराज भी पहुंचे। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रास्ता रोककर मारपीट करने व नकदी छीनने का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** हनुमान मंदिर में पूजा करके घर लौट रहे एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने और नकदी छीनने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस बयान में सरस्वती विहार निवासी चिराग ने बताया कि वह हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। कुछ दूर चलनेपर देवेंद्र नाम के युवक ने अपनी स्कूटी उसकी स्कूटी के आगे लगा दी। वह उससे पैसे की मांग करने लगा। उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसी दौरान उसने फोन करके अपने सात-आठ साथियों को भी वहां बुला लिया। इन लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद उसकी जेब से पैसे निकालकर भाग गए। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# नीमराना की दो कंपनियों में लगाई सेंध, गिरफ्तार



रेवाड़ी। बस स्टैंड के पास सामान के साथ काबू किया चोरी का आरोपी।

- सोलर पैनल और एलईडी चोरी करने के बाद आया रेवाड़ी, यूपी जाने की फिराक में धरा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजस्थान के नीमराना की दो कंपनियों में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद सामान के साथ यूपी भाग रहा आरोपी बस स्टैंड पुलिस चौकी इंचार्ज विनोद कुमार के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ के बाद आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया गया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वीरवार दोपहर एक युवक बस स्टैंड के पास एलसीडी और सोलर पैनल लेकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन का इंतजार कर रहा था। वहां गश्त कर रहे चौकी इंचार्ज विनोद कुमार को देखकर वह सकपका गया। संदेह होने पर विनोद कुमार उसे अपने साथ पुलिस चौकी ले गए। उसने अपना नाम यूपी के शारदा लखीमपुर निवासी दीपक बताया। पूछताछ करते समय पहले तो वह गुमराह करता रहा। बाद में उसने बताया कि यह सामान उसने नीमराना की दो कंपनियों से चोरी किया है। चौकी इंचार्ज ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### इन कंपनियों में की चोरी की वारदात

दीपक ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने एलसीडी नीमराना की हिटाची एस्टिमो लि. कंपनी से और सोलर पैनल नीमराना की एनआईसीडीसी सोलर पावर लि. कंपनी से चोरी की थी। वह चोरी के सामान को अपने घर ले जाने के लिए बस से नीमराना से रेवाड़ी आया था। इसके बाद दिल्ली की ओर जाने वाली बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## सड़क हादसों के आरोपी दो चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों के आरोपी दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना रामपुरा पुलिस ने 1 मार्च को थाना क्षेत्र में हुए हादसे में यूपी के वीरमपुर निवासी सीताराम को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस बेल पर रिहा कर दिए गए दोनों

इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। रामपुरा क्षेत्र में ही 18 मार्च को हुए हादसे में पुलिस ने बालधन खुर्द निवासी चालक राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 4 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

## मारपीट व धमकी देने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोसली पीड़ित की शिकायत पर 20 मार्च को केस दर्ज किया था। उसके बाद पुलिस ने कारोली निवासी रतनलाल को गिरफ्तार कर लिया। 24 फरवरी को सिटी पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने संघी का बास निवासी जितेंद्र और नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### हकेंवि में बायोएथेनॉल पर केंद्रित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

# प्रतिष्ठित संस्थानों के आठ विशेषज्ञ हुए कार्यशाला में शामिल

- देश में जैव ईंधन अनुसंधान का बढ़ रहा महत्व : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा डीएसटी के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने देश में जैव ईंधन अनुसंधान के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला का उपयोगी बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से प्रतिभागी लाभांवित हुए होंगे। उन्होंने आयोजकों को कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। बायो-एथेनॉल प्रोडेक्शन पर केंद्रित कार्यशाला के समापन के अवसर पर विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि इस कार्यशाला में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के आठ विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बायोमास प्री-ट्रीटमेंट और लक्षण वर्णन, जलमग्न और ठोस-अवस्था किण्वन द्वारा सेल्युलोलाइटिक एंजाइम उत्पादन, विभिन्न लिग्नोसेल्युलोलाइटिक एंजाइम गतिविधियों का अनुमान, प्रीट्रीटेड बायोमास का एंजाइमेटिक सैकरिफिकेशन, इथेनॉल उत्पादन के लिए खमीर के साथ एंजाइम हाइड्रोलाइजेट का किण्वन आदि का जानकारी विस्तार से उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के संयोजक और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के डॉ. केके शर्मा, आईसीजीईबी नई दिल्ली के डॉ. शिरीष श्रीवास्तव, जेएनयू नई दिल्ली के डॉ. कुमार प्रणव, एनआईबीई कपूरथला के डॉ. सचिन, यूडीएससी नई दिल्ली के डॉ. राम करण, हकेंवि की डॉ. अनीता सिंह, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) कोयंबटूर के प्रो. शिवकुमार उथांडी, हकेंवि के प्रो. विकास बेनीवाल ने कार्यशाला में विशेषज्ञों के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यशाला के आयोजन सचिव व विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। उन्होंने कार्यशाला को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (डीएसटी), भारत सरकार का भी आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की आयोजक टीम में प्रो. गुंजन गोयल, प्रो. विकास बेनीवाल, डॉ. अविजीत, डॉ. विनोद यादव और डॉ. पूजा ने सक्रिय भागीदारी की तथा शोधार्थी प्रशिक्षकों में विभाग के शोधार्थी हिमांशु, आयुष माथुर, अमनजोत कौर और प्रकृति झिल्टा शामिल रहे।

## शटर उखाड़कर मेडिकल स्टोर से नकदी व सामान चोरी

**रेवाड़ी।** तुर्कियावास-ततारपुर रोड पर चोर एक मेडिकल स्टोर का शटर उखाड़कर हजारों रुपये नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सदर पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। मीरपुर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी तुर्कियावास के पास दवा की दुकान है। रात को वह दुकान बंद करने के बाद घर आ गया था। सुबह उसके पड़ोसी दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ है। वह तुरंत अपनी दुकान पर पहुंच गया। दुकान का शटर उखड़ा हुआ था।

## खबर संक्षेप


मंडी अटेली। यूएस सैनिक एकेडमी के उत्तीर्ण बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### यूएस के 8 छात्र सैनिक स्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण

**मंडी अटेली।** अटेली स्थित यूएस सैनिक स्कूल एकेडमी के 8 विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा दी, जिसमें सभी 8 परीक्षार्थियों कक्षा पांचवीं के लक्ष्य, सृष्टि, धीरज, अरुण, अक्ष कुमार, वंश भारद्वाज, लक्ष्य कुमार व कक्षा आठवीं के मनीष ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। एकेडमी के एमडी प्रमोद कटारिया ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं व सभी का फूलमालाओं से स्वागत किया।


नारनौल। चालान करती यातायात पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### अभियान चलाकर पुलिस ने 367 वाहनों के काटे चालान

**नारनौल।** पुलिस ने लेन चेंज ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशानिर्देशों के अनुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने हेतु लेन चेंज ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस महानिरीक्षक यातायात व हाईवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार पुलिस ने लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया।


सतनाली मंडी। युवाओं को नशे से दूर रहने को जागरूक करते थाना प्रभारी मुकेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**सतनाली मंडी।** प्रदेश में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने पर उन्हें नशे से दूर रखने की पुलिस महानिदेशक की ओर से मुहिम चलाई है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को गांवों में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए हुए हैं। जिनके तहत पुलिस की ओर से जिले के युवाओं को खेलों की तरफ बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सतनाली प्रबंधक मुकेश कुमार ने गांव श्यामपुरा के खेल मैदान का दौरा कर खिलाड़ियों तथा वहां पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए नशा ना करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अपने साथियों व गांव के अन्य युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रोत्साहित करें।

# चिराग योजना के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

- सत्र 2024-25 के लिए कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आर्थिक रूप से कमजोर एवं कम आय के नागरिकों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से चिराग योजना शुरू की हुई है। इस योजना के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के दाखिले होंगे। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में दाखिला आवेदन शुरू हो गए हैं। इस दौरान विद्यार्थी 31 मार्च तक दाखिला ले सकते हैं। बता दें कि शिक्षा विभाग ने चिराग योजना यानि मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये एवं इससे कम है, उन्हीं को निजी स्कूलों में दाखिला मिलेगा। यह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होनी चाहिए। दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय नॉमिनी नियुक्त करेंगे। इसके लिए वह विद्यालय के नजदीक के खंड शिक्षा अधिकारी, सरकारी विद्यालय के किसी प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी, अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकते हैं।


महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### सीटों से ज्यादा आवेदन होने पर निकाला जाएगा लॉटरी ड्रॉ

जिन स्कूलों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो उस स्थिति में दाखिले के लिए लॉटरी के माध्यम से एक अप्रैल से पांच अप्रैल की अवधि में ड्रा निकाले जाएंगे। अभिभावकों को ड्रॉ निकालने की तिथि व समय बारे में सूचित किया जाएगा। ड्रॉ के बाद मुख्य सूची में सफल विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला न लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों के दाखिले 15 अप्रैल तक किए जाएंगे। इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर एक से 15 अप्रैल तक दर्ज कराना आवश्यक होगा।

### निजी स्कूल में दाखिला के लिए ये नियम जरूरी

- केवल वहीं विद्यार्थी पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त या उत्तीर्ण की होगी।
- विद्यार्थी दाखिले हेतु केवल उसके वर्तमान खंड जिसमें वह पढ़ाई कर रहा है, उसी खंड के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होंगे।
- विद्यार्थी खंड में एक से अधिक विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- विद्यार्थी विद्यालय से रसीद अवश्य लें।
- पिछले सरकारी स्कूल से स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट यानी एसएलसी लेना जरूरी।
- दाखिले के लिए बच्चे का परिवार पहचान पत्र नंबर का होना अनिवार्य है।

### गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना है। ताकि गरीब परिवार के होनहार बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं रहे सकें। चिराग योजना के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 मार्च तक चलेगी। स्कूल प्रबंधन को प्राप्त आवेदन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। योजना के तहत सरकारी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थी निजी स्कूलों में स्थानांतरण करवा सकेंगे। जिन विद्यालयों में प्राप्त आवेदन निर्धारित सीटों से अधिक होंगे, वहां दाखिले के लिए ड्रॉ प्रणाली अपनाई जाएगी। ऐसे स्कूलों में एक से पांच अप्रैल तक ड्रा निकाले जाएंगे।

### 31 मार्च तक चलेंगी प्रक्रिया

खंड शिक्षा अधिकरी अलका ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके लिए विद्यार्थी 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अगर कोई निजी स्कूल सीटों का ब्योरा देने में आना कानी करता है तो ऐसे में अभिभावक शिक्षा विभाग के पास शिकायत कर सकता है।

### विद्यालयों को फॉर्म-6 भरना जरूरी

फीस प्रतिपूर्ति राशि के लिए वहीं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पात्र होंगे, जिन द्वारा फॉर्म-6 में अपनी विद्यालय की फीस राशि चालू सत्र के लिए पोर्टल पर दर्शाई गई होगी। दाखिला होने वाले विद्यार्थियों का डेटा एमआईएस के तहत अपडेट किया जाएगा। विद्यार्थियों की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिन के अंदर-अंदर भेजनी होगी।

## सड़क जाम कर सरकार व प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, करीब दो घंटे लगाया जाम

# सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर जमा परेशान दुकानदारों ने सड़क की जाम

- सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दुकानदारों को समझाकर खुलवाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या काफी सालों पुरानी है। इसके बावजूद जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसके चलते शहर में अक्सर कहीं ना कहीं सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसी समस्या से परेशान दुकानदारों ने वीरवार को सड़क जाम कर सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष जताया। जाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों को समझाकर जाम खुलवाया। करीब दो घंटे लगे जाम के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार पुल बाजार पर पिछले कई दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। जिससे सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिसके चलते दुकानदारों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या से परेशान दुकानदारों से वीरवार को पुल बाजार पर जाम लगाकर अपना रोष जताया। इस दैरान दुकानदारों से सरकार व जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। जाम लगाने वाले पुल बाजार के दुकानदारों ने बताया कि काफी दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो है, जिसका गंदा पानी सड़क पर जमा होने से आवागमन में परेशानी तो उठानी पड़ ही रही है, साथ ही सीवरेज के गंदे बदबूदार पानी से दुकानदारी भी प्रभावित होने लगी है। समस्या से कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे परेशान होकर आज उनको जाम लगाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन व संबधित विभाग ने जल्द ही समस्या का समाधान नहीं करवाया तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।


नारनौल। नारेबाजी करते सीवरेज के गंदे पानी से परेशान दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

### सीवरेज का मैन हॉल बंद पड़ा

पुल बाजार के दुकानदारों ने बताया कि यहां सीवरेज के मैन हाल बंद होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो रहा है। जिसके कारण बाजार में बदबू रहने लग गई है। जिससे यहां के दुकानदारों के साथ बाजार में खरीददारी करने आने वाले लोगों को भी काफी परेशानी होती है। दुकानदारों ने बताया कि कई बार समस्या के बारे में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन उनकी ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण मजबूत होकर जाम लगाना पड़ा।


कनीना। जोहड़ के पानी की निकासी की मांग को लेकर धरना देते ग्रामीण।

# जोहड़ के गंदे पानी की निकासी की मांग

## कोटिया के ग्रामीणों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

- ग्रामीणों ने कहा कि बस्ती के बीच बने जोहड़ में गंदा पानी जमा होता है

खंड के गांव कोटिया में जोहड़ के गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वीरवार को जोहड़ के समीप सांकेतिक धरना दिया। जिसकी सूचना मिलने पर हरकत में आए खंड प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और शीघ्रता से समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

ग्रामीणों ने कहा कि बस्ती के बीच बने जोहड़ में गंदा पानी जमा होता है, बारिश के मौसम में हालात ओर भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने ओपन नाला बनाकर इस पानी को गांव से बाहर डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंचायत जोहड़ की सफाई करवाने के नाम पर राशि का गबन कर जाती है, स्थाई समाधान नहीं किया जाता। मौके पर पहुंचे एसईपीओ कृष्णलाल व जीएस अरविंद ने ग्रामीणों से कहा कि उनकी मांग जायज है। जिसका समाधान किया जाएगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अरूण कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की इस समस्या के निदान के लिए ओपन नाला बनवाकर जोहड़ के पानी को गांव से बाहर निकाला जाएगा। उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।


महेंद्रगढ़। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# आरपीएस कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय कैंप का समापन किया, जिसमें मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान व डीन डॉ. यशपाल शर्मा मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी डॉ. राजेश डागर ने बताया कि कॉलेज द्वारा आयोजित कैंप सात दिन तक चला, जिसमें स्वयंसेवकों ने आरपीएस कॉलेज द्वारा गोद लिए गांव ढाढोत में विभिन्न कार्यक्रम अलग-अलग दिन आयोजित करवाए, जिसमें राजकीय विद्यालय ढाढोत की स्वच्छता करवाई गई। गांव के पश्चिम में बालाजी मंदिर के परिसर की सफाई व पौधारोपण किया। इसके साथ-साथ स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण जागरुकता रैली का भी आयोजन किया। एनएसएस की दूसरी यूनिट के प्रभारी प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि आरपीएस डिग्री कॉलेज में एनएसएस की दो यूनिट कार्यरत है, जिसमें 100-100 विद्यार्थी प्रतिभागी होकर राष्ट्रसेवा में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय कैंप में स्वच्छता अभियान चलाकर गांव ढाढोत के लोगों को जागरुक किया। राजकीय विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को भविष्य में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति जागरुक रैली अभियान चलाया गया। सतनाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को यातायात नियम, सड़क सुरक्षा तथा साइबर क्राइम की विभिन्न जानकारियां दी।


नारनौल। बैठक में मौजूद एडीसी व अन्य अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

### जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में वीरवार को दी महेंद्रगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से बैंक के सभागार में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई। एडीसी ने जिला स्तरीय तकनीकी समिति ने स्केल ऑफ फाइनेंस को लेकर अपनी सिफारिशें राज्य स्तरीय तकनीकी समिति को भेज दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

- नुक्कड़ नाटक में मुख्य भूमिका में जितिन भारती एमए हिंदी तथा पवन ने अपनी भूमिका अदा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। शिविर के दौरान साफ-सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने प्रातः कालीन सत्र में मोदाश्रम परिसर में पार्क में सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए शहर के आजाद चौक, सब्जी मंडी, ब्रह्मदेव चौक, माता मसानी चौक, पंजाबी मोहल्ले में महिलाओं के सम्मान में घरेलू हिंसा बंद करो बंद करो, महिलाओं का सम्मान करो, सम्मान करो, गाली गलौज का प्रयोग बंद करो बंद करो आदि नारे लगाए। नुक्कड़ नाटक में मुख्य भूमिका में जितिन भारती एमए हिंदी तथा पवन ने अपनी भूमिका अदा की। लड़कियों में अनु तथा कोमल का विशेष योगदान रहा। दोपहर के भोजन के बाद स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड एवं नर्सिंग की ट्रेनिंग दी गई। महाविद्यालय के ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सोनू तथा दीपिका द्वारा दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रो. जितेंद्र सिंह तथा प्रो. हीरा सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने भी स्वयंसेवकों को इस विषय पर अपने विचारों से लाभान्वित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक प्रो. सोमवीर सिवाच एवं डॉ. अशोक कुमार तथा डॉ. पविता यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्राथमिक चिकित्सा सहायता ट्रेनिंग के बलबूते पर बहुत बार दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाई जा चुकी है जो की बहुत ही प्रभावशाली रही है।

# नेशनल मॉडल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय नेशनल मॉडल स्कूल में फागोत्सव (होली मिलन) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की महिला अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों की माताओं को बुलाया गया, जिसमें 250-300 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने होली के विभिन्न गीतों पर जमकर डांस किया। म्यूजिकल चेयर, नींबू रेस, गुब्बारे फूलाना, अंताक्षरी आदि प्रतियोगिता करवाई गई। महिलाओं ने नृत्य, फूल होली आदि सभी प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लिया। चेयरमैन प्रमोद शास्त्री ने कहा कि माता बच्चे की निर्माता होती है, यह गौरव 84 लाख यौनी में केवल माता को ही प्राप्त है। अन्य किसी को नहीं। आज का युग बच्चे के सामने भाषण करने का नहीं, अपितु करके दिखाने का है। इसलिए माता-पिता का बड़ी ध्यान रखकर अपनी संतान का भविष्य बनाना चाहिए। कृष्ण के वेश में अंकुश व राधा के वेश में मोनिका सभी का आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


महेंद्रगढ़। मिलन समारोह में उपस्थित अध्यापिका।


मंडी अटेली। गांव कटकई में शोक प्रकट करने पहुंचे राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने जताया शोक

**मंडी अटेली।** खंड के गांव कटकई निवासी एवं अलवर नगर निगम के कमिश्नर डॉ. बजरंग सिंह चौहान की माता कमला देवी का विगत सप्ताह निधन हो गया। राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा व अलवर नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर एवं अन्य जनप्रतिनिधि कमिश्नर के गांव कटकई में पहुंच कर शोक प्रकट किया। मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि कमिश्नर डॉ. चौहान एक कुशल अधिकारी के साथ इनके संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति की परेशानी को कानून सम्मत हल करने का समाधान करते हैं। बता दें कि कमिश्नर अटेली क्षेत्र व अपने पैतृक गांव से काफी लगाव रखते हैं।

## मुख्य रास्तों पर बनाए गए रैंप भी तोड़े

# नप ने चलाया नीरपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- पानी निकासी न होने के कारण मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा रहता था।

नगर परिषद ने वीरवार को वार्ड नंबर-7 गांव नीरपुर में पीला पंजा चलाकर सुभाष नगर से होकर शहर जाने वाले मुख्य रास्ते पर रैंप बना कर किए गए अतिक्रमण को हटाया। जिसके बाद मुख्य रास्ता चौड़ा नजर आया, साथ ही पैदल व दुपहिया वाहनों से आवागमन करने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। इस कार्रवार्र की वार्ड के लोगों ने सराहना की। वहीं लोगों ने इसी प्रकार की कार्रवाई कर सभी मुख्य रास्तों को अतिक्रमण से मुक्त करवाने का आग्रह किया। बता दें कि रेवाड़ी रोड पर कृष्णावती नदी के पुल के निकट से सुभाष नगर होकर नीरपुर आने वाले मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों ने रैंप बनाकर अतिक्रमण कर रखा था। जिसके कारण इन घरों के गंदे पानी की निकासी भी बंद पड़ी थी। जिससे पानी निकासी न होने के कारण मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा रहता था। जिससे यहां से गुजरने वाने पैदल राहगीरों के साथ दुपहिया वाहन चालकों को भी आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।


नारनौल। नीरपुर में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### छह महीने से समस्या और ज्यादा बढ़ गई थी

वार्ड के लोगों ने बताया कि पिछले छह महीने से समस्या और ज्यादा बढ़ गई थी। जिस पर वार्ड के लोगों ने पार्षद व नगर परिषद में शिकायत देकर सड़क पर बनाए गए रैंप हटाने व जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की थी। जिसके लंबे समय बाद आखिर नगर परिषद ने पार्षद प्रतिनिधि की मौजूदगी में पीला पंजा चलाकर मुख्य रास्ते पर बनाए गए रैंपों को हटाया। इस दौरान मकान मालिकों को समझाने के बाद कोई विरोध नहीं हुआ। ग्रामीणों ने नगर परिषद की इस कार्रवाई की सराहना की, साथ ही नगर परिषद से पूरे वार्ड में मुख्य रास्तों पर रैंप बना कर किए गए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की।


मंडी अटेली। राकेश यादव भीलवाड़ा पगड़ी पहनकर स्वागत करते हुए।

### राकेश बने किसान मोर्चा बाछौद के मंडल अध्यक्ष

**मंडी अटेली।** किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने अपनी कार्यकारिणी में राकेश यादव भीलवाड़ा को किसान मोर्चा बाछौद का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। मंडल अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस मौके पर राकेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005